CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 20 ▫ रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बंद बेअसर, बाजार-दुकानें खुली रही




### श्रम कानूनों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की हड़ताल शुरू

### कोल सेक्टर में व्यापक असर, कांग्रेस पार्टी का भी समर्थन

**रायपुर,** 12 फरवरी (हाईवे चैनल)। देश की दस प्रमुख ट्रेड यूनियन और सौ से अधिक जन संगठनों के आह्वान पर केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही चार श्रम संहिताओं एवं कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू हो गई है। वही रायपुर में हड़ताल का कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है हड़ताल ज्यादातर सीमित क्षेत्र तक ही सिमटी नजर आ रही है शहरी क्षेत्र में हड़ताल को लेकर किसी प्रकार का खास विरोध प्रदर्शन देखने को नहीं मिल रहा है।

इस हड़ताल का सर्वाधिक असर कोयला उद्योग में देखा जा रहा है। इधर हड़ताल के समर्थन में बुधवार को राजधानी रायपुर में मशाल रैली निकाली गई। कर्मचारी भवन बूढ़ापारा से शुरू हुई रैली के बाद सभा का आयोजन किया गया। हड़ताल को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। कोल सेक्टर में बीएमएस को छोड़कर अन्य सभी श्रमिक संगठन हड़ताल पर हैं। कोरबा सहित अन्य जिलों में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों और वर्कशॉप में सुबह 5 बजे की पाली में इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठन सक्रिय हो और गए और कर्मचारियों से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा। इस पाली में अधिकांश श्रमिक अनुपस्थित रहे वहीं ड्यूटी के लिए जो भी कर्मचारी पहुंचे उनमें से आधे लौट गए।

एसईसीएल में साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रमुख गोपाल नारायण ने टीआरपी को बताया कि कोलफील्ड में चल रही हड़ताल को लगभग 80त्न फीसदी कर्मचारी और मजदूरों का समर्थन मिल रहा है, और इसका कोल उत्पादन पर व्यापक असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि देश के दस प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, विभिन्न स्वतंत्र महासंघों और संगठनों ने 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। यूनियनों का आरोप है कि व्यापक विरोध के बावजूद अधिसूचित की गई चार श्रम संहिताएं श्रमिक हितों के प्रतिकूल हैं। उनका कहना है कि यह हड़ताल श्रमिकों के अधिकारों, सार्वजनिक उपक्रमों और व्यापक जनहित की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। इस हड़ताल के मद्देनजर रायपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने प्रदेश के सभी श्रमिकों से हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की। इस हड़ताल को सीएसईबी की जनता यूनियन द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है। इस संगठन से जुड़े कर्मचारी आज काली पट्टी लगाकर काम कर रहे हैं। जनता यूनियन के उपाध्यक्ष टीपी गुप्ता ने बताया कि मंडल के बिजली कारखानों और कार्यालयों में सभी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर हड़ताल को समर्थन दे रहे हैं।

## मजदूरों और किसानों की देशव्यापी हड़ताल से कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (न्यूज चैनल)। केंद्रीय श्रमिक संगठनों और किसान समूहों के आह्वान पर आज देशभर में भारत बंद के तहत व्यापक हड़ताल और प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि श्रमिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर और किसान हितों के खिलाफ तथा बड़ी कंपनियों के पक्ष में हैं। इसी के विरोध में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साझा मंच ने यह राष्ट्रव्यापी कदम उठाया है जिसे कई किसान संगठनों, छात्र समूहों और युवा संगठनों का भी समर्थन मिला है। आज हो रही हड़ताल के दौरान उठ रही मांगों में मुख्य जोर चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2025 और बीज विधेयक 2025 को वापस लेने, नए परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को रोकने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने पर है। साथ ही मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजना के लिए अधिक धन और मजबूत प्रावधान की मांग भी उठाई जा रही है।

### लोकसभा में हंगामा

## किरण रिजिजू का आरोप : कांग्रेस सांसदों ने स्पीकर ओम बिड़ला के चैम्बर में घुसकर दी धमकी और गालियां



नई दिल्ली, 12 फरवरी (न्यूज चैनल)। संसद में बढ़ते तनाव के बीच, केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को आरोप लगाया कि हाल ही में हुई सरकार और विपक्ष की भिड़ंत के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के चैम्बर में घुसकर उन्हें गालियां दीं और धमकाया। मंत्री ने इस घटना का एक वीडियो भी साझा किया, जिसे उन्होंने अवैध रूप से रिकॉर्ड किया गया बताया। इस वीडियो ने संसद के भीतर एक नया राजनीतिक विवाद पैदा कर दिया है। रिजिजू ने अपने ङ्ग पोस्ट में लिखा, यह अवैध वीडियो क्लिप एक कांग्रेस सांसद द्वारा लिया गया है, जब 20-25 कांग्रेस सांसद सम्माननीय स्पीकर के चैम्बर में घुसे, उनका अपमान किया और प्रधानमंत्री को धमकाया। हमारी पार्टी हमेशा बहस और चर्चा में विश्वास करती है और कभी भी सांसदों को शारीरिक धमकी देने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।

वीडियो में कई कांग्रेस सांसद, जिनमें अधिकांश महिलाएं हैं, स्पीकर के चैम्बर में मौजूद दिखाई देती हैं। स्पीकर अपनी कुर्सी पर बैठे हैं और कमरे में मौजूद कुछ व्यक्तियों—संभावित रूप से भाजपा सांसद या स्टाफ—के साथ गर्मजोशी से बहस कर रहे हैं। वीडियो में किरण रिजिजू भी स्पीकर के पास खड़े नजर आते हैं। यह आरोप सरकार और विपक्ष के बीच चल रहे गतिरोध के बीच आए हैं, जो तब और तेज हुआ जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पिछले सप्ताह पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब से उद्धरण देने से रोका गया था। इसके बाद उन्होंने भारत-यूएस व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री और भाजपा पर निशाना साधा।

### राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस लाएगी केंद्र सरकार

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने सदन में एक सब्सटेंटिव मोशन पेश किया है। इस प्रस्ताव के जरिए उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने और उन पर जीवनभर चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाने की मांग की है। निशिकांत दुबे ने बातचीत में साफ किया कि उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं, बल्कि एक ठोस प्रस्ताव दिया है। दुबे का आरोप है कि राहुल गांधी जॉर्ज सोरोस जैसी बाहरी ताकतों की मदद से देश को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने अपने प्रस्ताव में गंभीर आरोप लगाते हुए निम्नलिखित मांगें रखी हैं। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को तुरंत खत्म किया जाए। उन्हें भविष्य में किसी भी चुनाव को लड़ने के लिए आजीवन अयोग्य घोषित किया जाए। दुबे ने कहा कि इस मामले पर सदन में विस्तार से चर्चा होनी चाहिए कि किस तरह विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश को भ्रमित किया जा रहा है। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मैंने आज लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया है कि कैसे वह सोरोस जैसी ताकतों की मदद से देश को गुमराह कर रहे हैं। मैंने प्रस्ताव में कहा है कि इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए, उनकी सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए और उन्हें जीवन भर चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### सुनेत्रा पवार ने मोदी और शाह से की मुलाकात



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र की नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से महत्वपूर्ण मुलाकात की। अपने पति और एनसीपी नेता अजित पवार के आकस्मिक निधन के बाद पदभार संभालने वाली सुनेत्रा पवार का यह पहला दिल्ली दौरा है। इस दौरे को न केवल एक शिष्टाचार भेंट बल्कि एनसीपी के भविष्य की रणनीति के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुनेत्रा पवार के साथ इस दौरे पर उनके दोनों बेटे, पार्थ और जय, तथा एनसीपी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी मौजूद थे। पीएम मोदी और शाह से मुलाकात- प्रधानमंत्री ने अजित पवार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और सुनेत्रा पवार को उनके नए उत्तरदायित्व के लिए केंद्र के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। विलीनीकरण पर रुख-चर्चाओं के विपरीत, एनसीपी (अजित पवार गुट) के नेताओं ने स्पष्ट किया कि शरद पवार गुट के साथ विलीनीकरण का मुद्दा वर्तमान एजेंडे में नहीं है।

#### न्यू इंडिया की नई पहचान सेवा तीर्थ, पीएम मोदी 13 फरवरी को करेंगे राष्ट्र को समर्पित

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी, 2026 को दोपहर लगभग 1.30 बजे सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे और शाम लगभग 6 बजे सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। यह उद्घाटन भारत की प्रशासनिक शासन संरचना में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है और आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक-केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




**चूहा- सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं मोदी और शाह ने भाजपा में शामिल होने दबाव बनाया।**
**चुहिया- हां जी, तो इतने दिनों से चुप क्यों बैठे हैं, राहुल भैया को तो बता देना था..!**

## तेज रफ्तार पिकअप ने मॉर्निंग वॉक कर रहे 3 लोगों को रौंदा, दो की मौत, एक गंभीर

**जशपुर,** 12 फरवरी (हाईवे चैनल)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्टीय राजमार्ग-43 पर गम्हरिया में गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना ने क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय नागरिकों को एक तेज रफ्तार पिकअप ने निर्ममता से कुचल दिया। इस भीषण हादसे में दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है।



मृतकों की शिनाख्त गम्हरिया निवासी लकड़ा मिस्त्री एवं हिरा मिस्त्री के रूप में की गई है। दोनों पेशे से वाहन मिस्त्री बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप वाहन की रफ्तार बहुत तेज थी। चालक ने नियंत्रण खोते हुए पैदल चल रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन सहित घटना स्थल से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस दल मौके पर पहुंचा और पंचनामा कार्रवाई उपरांत शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की गई है। साथ ही घटना की तह तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### खरसिया कार्बन प्लांट हादसा

## पिता-पुत्र और 9 माह की बच्ची समेत 4 की मौत मुआवजे के लिए ग्रामीणों ने हाईवे पर किया चक्काजाम



**रायगढ़,** 12 फरवरी (हाईवे चैनल)। खरसिया के मंगल कार्बन प्लांट में हुए भीषण ब्लास्ट की घटना में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। इलाज के दौरान 9 माह की मासूम के बाद 11 फरवरी को तीन अन्य लोगों ने दम तोड़ दिया। पिता, पुत्र एवं 9 माह की मासूम बच्ची की मौत एक ही परिवार पर असहनीय आघात है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर नेशनल हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहा है।

परिजनों का कहना है कि घटना के बाद उन्हें संतोषजनक न्याय एवं पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है। कंपनी प्रबंधन ने कुल 12-12 लाख (प्रत्येक मृतक के लिए) मुआवजा राशि की घोषणा की है। हमारी मांग है कि प्रत्येक मृतक के बदले कम से कम 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार एवं पुनर्वास पैकेज प्रदान किया जाए। परिजनों का यह भी आरोप है कि घटना के बाद प्लांट प्रबंधन द्वारा एफआईआर वापस लेने एवं बयान बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

दरअसल, 5 फरवरी को खरसिया थाना क्षेत्र के बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन प्लांट में काम के दौरान बड़ा हादसा हुआ था। फर्नेस को खोलते ही आग का तेज प्रेशर बाहर निकला और पास में काम कर रहे 8 मजदूर उसकी चपेट में आ गए। इस प्लांट में पुराने टायर पिघलाकर काला तेल निकाला जाता है, जो रोड बनाने के काम आता है। आरोप है कि फर्नेस को ठंडा किए बिना खोला गया। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी लापरवाही की वजह से यह भयावह हादसा हुआ। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से झुलसे थे। सभी घायलों का इलाज रायपुर में चल रहा था। इलाज के दौरान 9 फरवरी को सबसे पहले 9 माह की मासूम बच्ची भूमि खड़िया ने दम तोड़ा। अब उपचार के दौरान उसके पिता शिव खड़िया (27 वर्ष) समेत साहेब लाल खड़िया (45 वर्ष), इंदीवर (19 वर्ष) ने भी दम तोड़ दिया है। भूमि, शिव एवं साहेब लाल एक ही परिवार के सदस्य थे, पिता, पुत्र एवं 9 माह की मासूम बच्ची की मौत एक ही परिवार पर असहनीय आघात है। अन्य घायल मजदूरों का उपचार रायपुर स्थित कालडा बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में जारी है, जिनकी स्थिति अभी भी गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में स्नद्बक्र दर्ज की गई है। आरोप है कि प्लांट प्रबंधन द्वारा पीड़ित परिवारों पर स्नद्बक्र वापस लेने और बयान बदलने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित परिवारों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इसके अलावा पर्याप्त मुआवजा देने समेत अन्य मांगें रखी गई है। रायगढ़ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा, हादसा में घायल 4 लोगों की मौत हुई है। परिजनों के पास मौके पर हमारी टीम पहुंच गई है। पीड़ित परिवारों की मांगों पर चर्चा जारी है। बहुत ही जल्द मांगें पूरी होगी।

## मां से बिछड़कर खेत में पहुंचा चार माह का तेंदुए का शावक



**रायपुर,** 12 फरवरी (हाईवे चैनल)। गौरतलब है कि श्रृंगी ऋषि पहाड़ी की तराई में स्थित खेतों में ग्रामीणों ने लगभग चार माह के तेंदुए के शावक को देखा। संभावना है कि शावक अपनी मां से बिछड़कर भटकते हुए रिहायशी क्षेत्र तक पहुंच गया था। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शावक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। राज्य में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में वन विभाग ने एक और सराहनीय कार्य किया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पाण्डेय के दिशा-निर्देशों में धमतरी जिले के नगरी-सिहावा क्षेत्र अंतर्गत बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र के ग्राम छिपली पारा में तेंदुए के एक शावक का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

**■ ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू**

रेस्क्यू के बाद विभागीय प्रक्रिया के तहत शावक को नगरी स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों द्वारा उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में शावक पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। रेंज अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शावक को आगे की देखभाल और सुरक्षित वातावरण के लिए नया रायपुर स्थित जंगल सफारी भेजा गया है। नगरी-सिहावा क्षेत्र सघन वनों और पहाड़ी भू-भाग के कारण तेंदुए और अन्य वन्यजीवों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक आवास माना जाता है। वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में भी मदद मिल रही है। गांव के ग्रामीणों की सूझबूझ और जिम्मेदारी की खुलकर सराहना की है। विभाग का कहना है कि यदि लोग इसी तरह जागरूकता और संवेदनशीलता दिखाएं, तो मानव-वन्यजीव संघर्ष को काफी हद तक कम किया जा सकता है. इस घटना से यह भी साबित हुआ है कि सही समय पर सही कदम उठाने से वन्यजीवों की जान बचाई जा सकती है।

## बांग्लादेश आम चुनाव में मतदान जारी, कुछ जगहों पर झड़प

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के लिए 299 सीटों पर मतदान शुरू हो गया है। यह चुनाव शेख हसीना के हटने के बाद पहला आम चुनाव है। मुख्य मुकाबला बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच है। अवामी लीग चुनाव से बाहर है। करीब नौ लाख सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने बताया कि 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में सुबह 11 बजे तक देश भर के 32,000 पोलिंग सेंटर्स पर 14.96प्रतिशत वोट डाले गए।

**■ गोपालगंज सदर में मतदान स्थल पर विस्फोट, तीन घायल; सुबह 11 बजे तक करीब 15 प्रतिशत मतदान**

बांग्लादेश में 2026 के चुनाव के दौरान अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाका के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए इस दिन को देश के लिए ऐतिहासिक बताया। यूनुस ने कहा कि आज से हमें हर कदम पर एक नया बांग्लादेश बनाने का अवसर मिला है। उन्होंने इसे अपने जीवन का और पूरे देश के लिए एक बड़ा दिन बताया। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे बुरे दौर के अंत और एक नए अध्याय की शुरुआत है। यूनुस ने इस जनमत संग्रह को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया देश की दिशा बदल सकती है और भविष्य को नई राह दे सकती है। बांग्लादेश के गोपालगंज सदर उपजिला में चुनाव के दौरान मतदान स्थल पर विस्फोट होने से तीन लोग घायल हो गए। यह घटना रेश्मा इंटरनेशनल स्कूल पोलिंग स्टेशन पर हुई, जहां एक कॉकटेल-टाइप विस्फोटक नहर के पार से फेंका गया। पुलिस के सब-इंस्पेक्टर जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि विस्फोट से पहले मतदान शांतिपूर्ण चल रहा था। विस्फोट में दो अंसार अर्धसैनिक जवान और 14 वर्षीय अमेना खानम घायल हो गए, जो किसी मतदाता के साथ थीं। विस्फोट से पोलिंग स्टेशन का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त हो गया और वहां भीड़ में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटा लिए हैं।

CMYK